शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान

प्रश्न सं. [ क्र. 1082 ]

परिशिष्ट - 1 [ 14/3/2023]

अता. प्र. क्र. 1082

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक / राशिके / आईसीटी / 2022 / 6554 भोपाल दिनांक 23.11.22

प्रति,

कलेक्टर,
जिला—समस्त जिले
म.प्र.

**विषयः—टीचर्स रिर्सोस पैकेज के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के प्रत्येक शिक्षक हेतु टेवलेट क्रय करने बावत।**

भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान की कार्ययोजना 2022—23 में टीचर्स रिर्सोस पैकेज के अंतर्गत 1,72,956 प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के द्वारा विषयवस्तु को विभिन्न Digital Portal से प्राप्त कर बच्चों को दिखाने, आनलाईन टीचिंग, प्रशिक्षण आदि के लिये 10,000 रू. प्रति शिक्षक की दर से बजट प्रावधान टेवलेट क्रय हेतु किया गया है।

2/ टेवलेट क्रय हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी।

2.1 राज्य स्तर से निर्धारित न्यूनतम स्पेसिफिकेशन (संलग्न) के अनुसार टेवलेट का क्रय संबंधित शिक्षक के द्वारा किया जायेगा।

2.2 टेवलेट क्रय उपरांत टेवलेट का देयक एवं स्पेसिफिकेशन MPSEDC के सहयोग से तैयार किये गये माडयूल में दर्ज किया जायेगा।

2.3 MPSEDC के माडयूल पर दर्ज देयक अनुसार अधिकतम राशि रू. 10,000/— संबंधित शिक्षक के खाते में जारी की जायेगी।

2.4 टेवलेट की कार्यशीलता अवधि चार वर्ष मानते हुये राज्य स्तर से चार वर्ष तक टेवलेट को ट्रेक किया जायेगा। इसके पश्चात टेवलेट का मूल्य शून्य माना जायेगा। अर्थात चार वर्ष पश्चात टेवलेट का उपयोग शिक्षक के द्वारा स्वयं के कार्य हेतु किया जा सकेगा।

2.5 चार वर्ष की समय सीमा में यदि टेवलेट क्षतिग्रस्त अथवा गुम हो जाता है तो निर्धारित स्पेसिफिकेशन का टेवलेट शिक्षक के द्वारा स्वयं के व्यय से क्रय किया जायेगा। शेष कार्यवाही कंडिका—2.4 के अनुसार होगी।

2.6 शिक्षक के द्वारा चार वर्ष बाद टेवलेट का उपयोग स्वयं के द्वारा किया जा सकेगा। अतः अतिरिक्त राशि लगाकर के उच्च स्पेसिफिकेशन के टेवलेट क्रय किये जा सकते है। राज्य स्तर से अधिकतम राशि रू. 10,000/— ही जारी की जा सकेगी।

2.7 जिन शिक्षको की सेवा निवृत्ति अवधि 2 वर्ष से अधिक है उनके द्वारा टेवलेट अनिवार्यतः क्रय किया जायेगा। टेवलेट के समयावधि की गणना टेवलेट के क्रय दिनांक से की जायेगी। यदि शिक्षक टेवलेट क्रय करने के पश्चात 4 वर्ष की समयावधि के पूर्व सेवानिवृत्त हो जाते है तो शेष समयावधि के लिए राशि रू. 2500/— प्रति वर्ष के दर से राशि जमा करनी होगी। उदाहरण— यदि शिक्षक के द्वारा 3 वर्ष टेवलेट का उपयोग किया जाता है तो राशि रू. 2500/— यदि 2 वर्ष टेवलेट उपयोग किया जाता है तो राशि रू. 5000/— की राशि जमा करनी होगी।

उप संचालक, ई एण्ड आर
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
(कक्ष—2)

2.8 ऐसे शिक्षक जिनकी सेवानिवृत्त की अवधि 2 वर्ष से कम है ऐसे शिक्षकों को टेवलेट क्रय करना वैकल्पिक होगा।

अतः प्राथमिक शाला में कार्यरत शिक्षकों के द्वारा 15 दिसम्बर 2022 तक टेवलेट क्रय की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करे, जिससे 31 दिसम्बर तक राशि संबंधित शिक्षक के खाते में जारी की जा सके।

23/11/2022

(धनराजू एस)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

पृ0क्रमांक / राशिके / आईसीटी / 2022 / 6555
प्रतिलिपिः–

भोपाल दिनांक 23.11.22

1. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग वल्लभ भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत समस्त जिले म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
4. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समस्त जिले म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
5. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र समस्त जिले म0प्र0 की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

23/11/2022

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
(कक्ष-2)

पत्र- 8

| S.N. | Specifications Tablets | |
|---|---|---|
| 1 | Tablet Type | Android based |
| 2 | Cellular Connectivity | Yes |
| 3 | Operating System | Android 8.0 or above |
| 4 | Display Size | 7 inches or above |
| 5 | Display Resolution | 1024×720 or better |
| 6 | Display Type | TFT capacitive Touch Screen |
| 7 | Screen protection | Yes (Scratch Resistant) |
| 8 | Processor Configuration | Quad core, 1.6 GHz or higher |
| 9 | RAM Size (GB) | 2 GB or higher |
| 10 | Internal Storage Capacity (GB) | 16 GB or higher |
| 11 | External Memory | Yes |
| 12 | Storage Capacity (GB) of external storage | 32 GB or higher |
| 13 | Camera | 5 Megapixel or higher with Geo Tag Support (Longitude & Latitude) |
| 14 | Location Capture | Yes |
| 15 | Connectivity | 4G, LTE, Wi-Fi |
| 16 | Bluetooth Connectivity | Yes |
| 17 | Battery Capacity (mAh) | 4000 or above |
| 18 | Expected battery life | 8 hours or higher |
| 19 | Ruggedness | Capable to sustain minor bumps and vibration without screen breaking |
| 20 | File Format Supported for Recording and Playing: Major formats for Image, Audio and Video | Yes |
| 21 | Standard accessories to be supplied (such as charger, data cable, user manual etc.) | Yes |
| 22 | Add-on Accessories to be provided (a) Rugged Case (b) Dust Proof Pouch (c) Screen Protector | Yes |
| 23 | Warranty for main device | One Year |
| 24 | Warranty on battery | One Year or above |

(Khurshide Khan) (PALLAVA) MPSEDC (Neeraj Saxena) (Abhishek Singh Chawla)

(Rahul) R.K. Pand RSK

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
(कक्ष-2)